# रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सीoईoएनo ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

## CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 19/08/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

**Q.1** अमोनियम सल्फेट, $(NH_4)_2SO_4$ का सूत्र इकाई द्रव्यमान _______ है।

Ans A). 132 u B). 118 u C). 136 u D). 114 u

Correct Answer: A

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा, पेशीकंकाली तंत्र का भाग नहीं है?

Ans A). पेशियां (Muscles) B). अस्थियां (Bones) C). वृक्काणु (Nephrons) D). कंडरा (Tendons)

Correct Answer: C

**Q.3** एक प्रयोग के दौरान, एक विद्यार्थी खिलौना गाड़ी को एक ही ऊँचाई तक खींचते हुए एक आदर्श रैंप (ideal ramp) के कोण को धीरे-धीरे कम करता है। विद्यार्थी को क्या प्रेक्षण प्राप्त होना चाहिए?

Ans A). आवश्यक बल कम हो जाता है। B). गाड़ी को कम स्थितिज ऊर्जा प्राप्त होती है। C). आवश्यक बल स्थिर रहता है। D). आवश्यक बल बढ़ता है।

Correct Answer: A

**Q.4** गंभीर चोट के बाद, किसी रोगी का रक्तदाब कम हो जाता है और वे व्यापक खरोंच (extensive bruising) में विकसित होने लगती हैं। शरीरक्रियात्मक तंत्रों में कौन-सी दोहरी विफलता इन नैदानिक प्रेक्षणों की सटीक व्याख्या करती है?

Ans A). प्लाज्मा प्रोटीन संश्लेषण में कमी और लाल रक्त कोशिका गणन में वृद्धि B). लसीका प्रवाह में वृद्धि और प्लेटलेट समुच्चयन में वृद्धि

C). ऑक्सीजन परिवहन में कमी और ऊतक तरल में वृद्धि D). प्लेटलेट प्रकार्य में कमी और बाधित लसीका-अपवाह

Correct Answer: D

**Q.5** कौन-सा अंग मानव रक्त से नाइट्रोजनयुक्त अपशिष्ट को प्रत्यक्ष रूप से फिल्टर करता है?

Ans A). हृदय B). वृक्क C). यकृत D). फुफ्फुस

Correct Answer: B

**Q.6** विभव (potential) के संदर्भ में, एक पूर्णतः क्षैतिज नली में जल क्यों प्रवाहित नहीं होता है?

Ans A). क्योंकि कोई टंकी नहीं जुड़ी है B). क्योंकि दोनों सिरों के बीच कोई दाबांतर नहीं है C). क्योंकि नली प्लास्टिक से बनी है

D). क्योंकि गुरुत्वाकर्षण क्षैतिज नली पर कार्य नहीं करता है

Correct Answer: B

**Q.7** यदि एक कार और एक ट्रक को समान बल से धकेला जाए, तो न्यूटन के गति के दूसरे नियम के अनुसार कौन अधिक त्वरण प्रदर्शित करेगा?

Ans A). दोनों में से कोई भी त्वरित नहीं होगा B). दोनों समान रूप से त्वरित होंगे C). कार अधिक त्वरित होगी D). ट्रक अधिक त्वरित होगा

Correct Answer: C

**Q.8** **अन्य अधिकांश तत्वों के विपरीत, कार्बन लाखों स्थिर यौगिक बनाता है। गुणों का कौन-सा संयोजन इस प्रकृति की सटीक व्याख्या करता है?**

**Ans** A). उच्च रासायनिक अभिक्रियाशीलता और चतु:संयोजकता एक साथ B). प्रबल सहसंयोजक आबंध और चतु:संयोजकता एक साथ C). समस्थानिकों की उपस्थिति और नाभिकीय स्थायित्व D). निम्न परमाणु-द्रव्यमान और छोटा परमाण्विक आकार

**Correct Answer: B**

**Q.9** **इंजीनियरों के एक समूह को अधिकतम वाक् बोधगम्यता के लिए एक व्याख्यान हॉल डिजाइन करने का कार्य सौंपा गया है। अनुरणन को न्यूनतम करने के लिए उन्हें किन विशेषताओं के संयोजन को प्राथमिकता देनी चाहिए?**

**Ans** A). मृदु दीवार कवरिंग, ध्वानिक सीलिंग टाइल्स और गद्दीदार सीटिंग B). गद्दीदार सीटिंग और अनावृत दीवारें और फर्श C). परावर्ती पैनलों वाली ऊंची सीलिंग D). पॉलिश युक्त पत्थर के फर्श और कांच की दीवारें

**Correct Answer: A**

**Q.10** **एक गेंद बिना किसी घर्षण के पहाड़ी से नीचे लुढ़कती है और नीचे पहुंचती है। निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सर्वोत्तम वर्णित करता है कि गेंद की गति पर ऊर्जा कैसे परिवर्तित होती है?**

**Ans** A). जैसे-जैसे गेंद लुढ़कती है, उसकी कुल ऊर्जा में वृद्धि होती है B). जैसे-जैसे गेंद नीचे की ओर गति करती है, उसकी गतिज ऊर्जा कम होती जाती है C). जैसे-जैसे गेंद गति करती है, स्थितिज और गतिज ऊर्जा दोनों में वृद्धि होती है D). गेंद की स्थितिज ऊर्जा कम होती है, जबकि उसकी गतिज ऊर्जा में वृद्धि होती है

**Correct Answer: D**

**Q.11** **एक तरंग की आवृत्ति 200 Hz और तरंगदैर्ध्य 1.7 m है। इनका गुणनफल क्या निरूपित करता है?**

**Ans** A). तरंग की चाल B). तरंग की प्रबलता C). तरंग का आवर्तकाल D). तरंग का आयाम

**Correct Answer: A**

**Q.12** **निम्नलिखित में से कौन-सा समीकरण, कैल्सियम और ठंडे जल के बीच अभिक्रिया को सही से निरूपित करता है?**

**Ans** A). $Ca + H_2O \rightarrow CaH_2 + O_2$ B). $2Ca + H_2O \rightarrow 2CaOH + H_2$ C). $Ca + 2H_2O \rightarrow Ca(OH)_2 + H_2$ D). $Ca + H_2O \rightarrow CaOH_2 + H_2$

**Correct Answer: C**

**Q.13** **एक मरुस्थलीय पौधा रात में कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करता है और प्रकाश संश्लेषण के लिए दिन में इसका उपयोग करता है। यह प्रकाश संश्लेषण के किस गुण को दर्शाता है?**

**Ans** A). प्रकाश संश्लेषण में, बाद में उपयोग के लिए संग्रहीत मध्यवर्ती यौगिक शामिल हो सकते हैं। B). मरुस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए कार्बन डाइऑक्साइड की आवश्यकता नहीं होती है C). मरुस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण केवल रात में होता है D). मरुस्थलीय पौधों में प्रकाश संश्लेषण के लिए जल अनावश्यक होता है

**Correct Answer: A**

**Q.14** **'n' कार्बन परमाणुओं वाले ऐल्केन का सामान्य सूत्र क्या है?**

**Ans** A). $C_nH_{2n+2}$ B). $C_nH_{2n}$ C). $C_nH_{2n-2}$ D). $C_nH_{2n+1}$

**Correct Answer: A**

**Q.15** **किसान कई पादपों को समान उपयोगी विशेषकों के साथ उगाने के लिए कर्तन, कलम बांधना और ऊतक संवर्धन का उपयोग करते हैं। इन विधियों को वरीयता क्यों दी जाती है?**

**Ans** A). क्योंकि वे पादपों में पुष्पन को रोक देते हैं B). क्योंकि वे परागण कीटों पर निर्भर करते हैं C). क्योंकि वे आनुवंशिक रूप से एकसमान पादप उत्पन्न करते हैं D). क्योंकि वे सदैव नई किस्मों का निर्माण करते हैं

**Correct Answer: C**

**Q.16** **मनुष्यों में मस्तिष्क से किस प्रकार की तंत्रिकाएं निकलती हैं?**

**Ans** A). कपाल तंत्रिकाएं (Spinal nerves) B). स्वचालित तंत्रिकाएं (Autonomic nerves) C). मेरु तंत्रिकाएं (Spinal nerves) D). प्रेरक तंत्रिकाएं (Motor nerves)

**Correct Answer: A**

**Q.17** **मुक्त $O_2$ के अतिरिक्त, वायु में ऑक्सीजन किस संयुक्त रूप में पाई जाती है?**

**Ans** A). आर्गन B). कार्बन डाइऑक्साइड C). नाइट्रोजन गैस D). मेथेन

**Correct Answer: B**

**Q.18** **निम्नलिखित अभिक्रियाओं पर विचार कीजिए:**

**(I) $Na_2SO_4(aq) + BaCl_2(aq) \rightarrow BaSO_4(s) + 2NaCl(aq)$**
**(II) $AgNO_3(aq) + NaCl(aq) \rightarrow AgCl(s) + NaNO_3(aq)$**
**(III) $CaCO_3(s)$ —Heat→ $CaO(s) + CO_2(g)$**
**(IV) $Fe(s) + CuSO_4(aq) \rightarrow FeSO_4(aq) + Cu(s)$**

**उपरोक्त में से कौन-सी अभिक्रियाएं, अवक्षेपण अभिक्रियाएं हैं?**

**Ans** A). केवल I और II B). केवल II और IV C). केवल I और III D). केवल III और IV

**Correct Answer: A**

**Q.19** **एक वैज्ञानिक इस बात की जांच कर रहा है कि सूर्य की कुछ निश्चित EM तरंगें पृथ्वी की सतह तक क्यों नहीं पहुंचती हैं। गामा किरणों का कौन-सा गुणधर्म, मुख्य रूप से भूमि के स्तर पर उनकी अनुपस्थिति को स्पष्ट करता है?**

Ans A). वे पृथ्वी की सतह द्वारा परावर्तित होती हैं B). वे ऊपरी वायुमंडल द्वारा अवशोषित कर ली जाती हैं C). इनकी तरंगदैर्ध्य लंबी होती है D). वे मेघ द्वारा प्रकीर्णित हो जाती हैं

**Correct Answer: B**

**Q.20** **यदि समान लंबाई और क्षेत्रफल वाले तांबे के तार और लोहे के तार की तुलना की जाए, तो किस तार का प्रतिरोध उच्चतर होगा?**

Ans A). लोहे का तार B). तांबे का तार C). निर्धारित नहीं किया जा सकता है D). दोनों में बराबर

**Correct Answer: A**

**Q.21** **प्रिज्म से निकलने वाली किरण पुंज (beam) एकल श्वेत बैंड के बजाय विभिन्न रंग क्यों दर्शाती है?**

Ans A). कुछ रंग अवशोषित हो जाते हैं B). सभी रंग समान कोणों पर मुड़ते हैं C). सभी रंग समानांतर रूप से निकलते हैं D). प्रत्येक रंग विभिन्न कोणों पर मुड़ते हैं

**Correct Answer: D**

**Q.22** **यदि किसी गतिमान वस्तु के वेग-समय ग्राफ में समय अक्ष के समानांतर एक सीधी रेखा प्रदर्शित होती है, तो वस्तु के त्वरण के बारे में क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है?**

Ans A). वस्तु का त्वरण एकसमान है B). वस्तु का त्वरण बदल रहा है C). वस्तु का त्वरण शून्य है D). वस्तु का त्वरण ऋणात्मक है

**Correct Answer: C**

**Q.23** **निम्नलिखित में से कौन-सा, निलंबन (suspension) का एक अभिलाक्षणिक गुण है?**

Ans A). इसके कणों को नग्न आंखों से देखा जा सकता है B). इसके घटकों को पृथक नहीं किया जा सकता है C). यह एक वास्तविक विलयन है D). यह केवल नीली ज्वाला के साथ जलता है

**Correct Answer: A**

**Q.24** **अधिकांश पादपों के उद्यान मृदा में उगने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा pH परास सर्वोत्तम है?**

Ans A). pH 6 और pH 7.5 के बीच B). pH 3 और pH 4 के बीच C). pH 8.5 और pH 9.5 के बीच D). pH 4 और pH 5 के बीच

**Correct Answer: A**

**Q.25** **जब कोई अधातु इलेक्ट्रॉन ग्रहण करती है, तो क्या बनता है?**

Ans A). ऋणायन B). उदासीन C). प्रोटॉन D). धनायन

**Correct Answer: A**

**Q.26** **एक समबाहु चतुर्भुज पर विचार करें जिसके कोण द्विभाजक समकोण पर प्रतिच्छेदित करते हैं। चतुर्भुज की एक भुजा 10 cm लंबी है और इसके लंबवत विकर्णों में से एक 12 cm लंबा है। चतुर्भुज के क्षेत्रफल का आधा ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 50 $cm^2$ B). 52 $cm^2$ C). 48 $cm^2$ D). 96 $cm^2$

**Correct Answer: C**

**Q.27** **₹22.50 प्रति kg वाले 10 kg चावल को ₹37.50 प्रति kg वाले 10 kg चावल के साथ मिलाया जाता है। मिश्रण का प्रति kg मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 25 B). 28 C). 22 D). 30

**Correct Answer: D**

**Q.28** **एक नाविक धारा की दिशा में 22 km की दूरी और धारा की विपरीत दिशा में 15 km की दूरी 3 घंटे 20 मिनट में तय कर सकता है। वह धारा की दिशा में 14 km की दूरी और धारा की विपरीत दिशा में 12 km की दूरी 2 घंटे 24 मिनट में तय कर सकता है। स्थिर जल में नाव की चाल कितनी होगी? (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)**

Ans A). 13.15 km/h B). 13.50 km/h C). 11.75 km/h D). 11.15 km/h

**Correct Answer: D**

**Q.29** **₹60,000 की धनराशि 4% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर पर 1 वर्ष के लिए निवेश की जाती है, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है। वर्ष के अंत में अर्जित चक्रवृद्धि ब्याज कितना होगा?**

Ans A). ₹2,424 B). ₹3,244 C). ₹3,102 D). ₹2,999

**Correct Answer: A**

**Q.30** **एक मीनार के पाद से पहाड़ी के शीर्ष का उन्नयन कोण 60° है और मीनार के शीर्ष से पहाड़ी के पाद का अवनमन कोण 30° है। यदि मीनार की ऊँचाई 96 m है, तो पहाड़ी की ऊँचाई और मीनार की ऊँचाई के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।**

Ans A). 188 m B). 172 m C). 192 m D). 163 m

**Correct Answer: C**

**Q.31** 4m x 3.2 m माप वाले कमरे की पूरी तरह से फर्श लगाने के लिए आवश्यक एकसमान वर्गाकार टाइलों की न्यूनतम संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20 B). 9 C). 40 D). 18

**Correct Answer: A**

**Q.32** किसी निश्चित धनराशि पर 8% वार्षिक ब्याज दर से 1½ वर्ष के लिए चक्रवृद्धि ब्याज (अर्धवार्षिक रूप से संयोजित) और साधारण ब्याज का अंतर ₹36 है। मूलधन कितना है? (निकटतम पूर्णांक तक पूर्णांकित)

**Ans** A). ₹7,411 B). ₹7,201 C). ₹7,404 D). ₹7,401

**Correct Answer: D**

**Q.33** निम्नलिखित में से कौन-सा, दिए गए डेटा मानों के समुच्चय में माध्यिका का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

| लाभ (₹) | दुकानों की संख्या |
|---|---|
| 1,000-2,000 | 12 |
| 2,000-3,000 | 18 |
| 3,000-4,000 | 20 |
| 4,000-5,000 | 15 |
| 5,000-6,000 | 5 |

**Ans** A). ₹3,250 B). ₹3,300 C). ₹3,200 D). ₹3,150

**Correct Answer: A**

**Q.34** तालिका का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।
निम्न तालिका एक निश्चित बंटन के वर्ग-अंतराल और बारंबारता को दर्शाती है।

| वर्ग | 0-20 | 20-40 | 40-60 | 60-80 | 80-100 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 17 | 28 | 32 | A | 19 |

यदि बंटन का माध्य 50 है, तो A का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 20 B). 24 C). 29 D). 30

**Correct Answer: B**

**Q.35** यदि $24^{0.64} = x$, $24^{0.05} = y$ और $x^z = y^3$ है, तो z का मान किसके निकटतम है?

**Ans** A). 0.91 B). 0.23 C). 1.75 D). 1.89

**Correct Answer: B**

**Q.36** धातु के किसी बंद बेलनाकार डिब्बे की ऊँचाई 1.44 m है और इसकी आधार त्रिज्या 56 cm है। यदि धातु की शीट की कीमत ₹90 प्रति $m^2$ है, तो डिब्बे में उपयोग की गई सामग्री की लागत ज्ञात कीजिए।
($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

**Ans** A). ₹855.5 B). ₹633.6 C). ₹483.4 D). ₹738.4

**Correct Answer: B**

**Q.37** कौशल ने 60 km/h की चाल से 14 घंटे 10 मिनट तक यात्रा की। उसी दूरी को 17 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

**Ans** A). 53 B). 52 C). 51 D). 50

**Correct Answer: D**

**Q.38** A और B की वर्तमान आयु का अनुपात 5 : 7 है। दस वर्ष बाद, अनुपात 7 : 9 हो जाता है। A की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 30 वर्ष B). 40 वर्ष C). 35 वर्ष D). 25 वर्ष

**Correct Answer: D**

**Q.39** यदि $\frac{\sin^2\theta}{\tan^2\theta - \sin^2\theta} = \frac{1}{3}$, $0° < \theta < 90°$ है, तो $(\cot\theta + \operatorname{cosec}\theta)$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $3\sqrt{3}$ B). $\sqrt{3}$ C). $2+\sqrt{3}$ D). $1-\sqrt{3}$

**Correct Answer: B**

**Q.40** एक संख्या में 25% की वृद्धि की जाती है और फिर 10% की कमी की जाती है। संख्या में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?

**Ans** A). 12.5% B). 10.4% C). 13.9% D). 15.6%


**Correct Answer: A**


**Q.41** पाइप A एक टैंक को 6 घंटे में भर सकता है, पाइप B उसी टैंक को 21 घंटे में भर सकता है और पाइप C उसी टैंक को 28 घंटे में भर सकता है। यदि वे एक साथ चालू किए जाते हैं, तो उसी टैंक का 1/4 भाग भरने में उन्हें (घंटों में) कितना समय लगेगा?

**Ans** A). 3 B). 1 C). 2 D). 4

**Correct Answer: B**

Q.42 दिए गए पाई चार्ट दो स्कूलों, A और B में विभिन्न वर्गों में विद्यार्थियों के वितरण को दर्शाते हैं। यदि स्कूल A में 1000 विद्यार्थी हैं और स्कूल B में 1200 विद्यार्थी हैं, तो दोनों स्कूलों में विज्ञान वर्ग के छात्रों की संख्या में कितना अंतर है?




सदर्भः (SCHOOL A - स्कूल A SCHOOL B - स्कूल B Science - विज्ञान Commerce - वाणिज्य Arts - कला)

Ans A). 100 B). 200 C). 150 D). 180

Correct Answer: D

---

Q.43 किसी वृत्त में, एक व्यास AB और एक जीवा PQ (जो कि व्यास नहीं है) बिंदु X पर लंबवत रूप से प्रतिच्छेद करते हैं। यदि AX : XB = 3 : 2 और वृत्त की त्रिज्या 5 cm है, तो जीवा PQ की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). $5\sqrt{6}$ B). $2\sqrt{6}$ C). $4\sqrt{6}$ D). $3\sqrt{6}$

Correct Answer: C

---

Q.44 रवि, सोहन, रघु और अनी ने आपस में एक धनराशि 7: 4: 6: 3 के अनुपात में वितरित की। यदि रघु का हिस्सा अनी के हिस्से से ₹1,800 अधिक है, तो सोहन का हिस्सा कितना है?

Ans A). ₹2,200 B). ₹2,400 C). ₹2,500 D). ₹2,300

Correct Answer: B

---

Q.45 $(3a + 2b)^2 + (3a - 2b)^2 - 2(9a^2 + 4b^2)$ को सरल कीजिए।

Ans A). 2 B). 1 C). 0 D). −1

Correct Answer: C

---

Q.46 अरविंद ने एक वस्तु ₹x में खरीदी। उसने इसे बीरू को 27% की हानि पर बेच दिया। बीरू ने इसके परिवहन पर ₹163 खर्च किए और इसे मीनू को 60% के लाभ पर बेच दिया। यदि मीनू ने इसे ₹1,896 में खरीदा, तो x का मान कितना है?

Ans A). 1,400 B). 1,388 C). 1,382 D). 1,386

Correct Answer: A

**Q.47** एक थोक विक्रेता स्कूल यूनिफॉर्म का अंकित मूल्य ₹1,200 प्रति यूनिफॉर्म रखता है। वह एक खुदरा विक्रेता को 25% की व्यापारिक छूट देता है। खुदरा विक्रेता को प्रत्येक 5 यूनिफॉर्म खरीदने पर 1 यूनिफॉर्म मुफ्त मिलने की स्कीम छूट भी प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त, यदि भुगतान 10 दिनों के भीतर किया जाता है, तो बिल की राशि पर (व्यापारिक छूट के बाद) 8% की नकद छूट दी जाती है। यदि खुदरा विक्रेता को कुल 72 यूनिफॉर्म मिलीं और उसने 10 दिनों के भीतर भुगतान कर दिया, तो प्रति यूनिफॉर्म प्रभावी मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹700 B). ₹672 C). ₹668 D). ₹690

**Correct Answer: D**

**Q.48** वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 85, 153 और 221 को विभाजित करने पर, प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त होता है।

**Ans** A). 38 B). 60 C). 34 D). 68

**Correct Answer: D**

**Q.49** एक जिले की जनसंख्या 3,35,000 है, जिसमें से 2,14,000 पुरुष हैं। कुल जनसंख्या का 31% साक्षर है। यदि 31% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 33% B). 31% C). 30% D). 28%

**Correct Answer: B**

**Q.50** ₹1,500 की धनराशि पर 3% मासिक ब्याज दर से 1 महीने का साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 7.50 B). 45 C). 3.75 D). 23.75

**Correct Answer: B**

**Q.51** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।)

(बाएँ) K I F R I Z O K U F U I I F U K Y X A B (दाएँ)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

**Ans** A). तीन B). एक C). एक भी नहीं D). दो

**Correct Answer: B**

**Q.52** किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।
यदि 'S – A + E @ R % N' है, तो उपरोक्त के आधार पर, S का N से क्या संबंध है?

**Ans** A). पति B). भाई C). पिता D). पुत्र

**Correct Answer: B**

**Q.53** लक्ष्मी, मणि, रवि, शिवानी, नवी, अनीता और पल्लवी में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
रवि और शिवानी के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है।
लक्ष्मी और मणि के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है।
पल्लवी की परीक्षा लक्ष्मी से ठीक पहले है।
शिवानी की परीक्षा केवल दो व्यक्तियों से पहले है।
सप्ताह के अंतिम दिन न तो मणि और न ही लक्ष्मी की परीक्षा है।
नवी की परीक्षा, अनीता से पहले किसी भी दिन नहीं है।
दिए गए व्यवस्थापन के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। वह कौन-सा विकल्प है, जो उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans** A). रवि और लक्ष्मी B). पल्लवी और अनीता C). अनीता और रवि D). लक्ष्मी और शिवानी

**Correct Answer: C**

**Q.54** एक निश्चित प्रकार से NX 15 का संबंध OU 6 से है। उसी प्रकार, UO 13 का संबंध VL 4 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, ON 11 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans** A). OL 4 B). PK 2 C). OK 2 D). PL 4

**Correct Answer: B**

**Q.55** संख्या 9357146 के प्रत्येक अंक को बाएं से दाएं आरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। तो मूल संख्या की तुलना में कितने अंकों की स्थिति अपरिवर्तित रहेगी?

**Ans** A). एक भी नहीं B). तीन C). एक D). दो

**Correct Answer: C**

Q.56 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?
**# : VAK :: OTD : %**

Ans A). # = MRB , % = YCM B). # = MRB , % = XMC C). # = MRB , % = XCM D). # = NRB , % = XCM

Correct Answer: C

Q.57 वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). SUX B). DFI C). GIK D). NPS

Correct Answer: C

Q.58 यदि + का अर्थ - है, - का अर्थ × है, × का अर्थ ÷ है और ÷ का अर्थ + है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

**90 - 5 + 120 × 4 ÷ 18 = ?**

Ans A). 428 B). 442 C). 438 D). 434

Correct Answer: C

Q.59 निम्नलिखित अक्षर श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) **O V U I C G X I A U Y U S L M X U Q T I W I** (दाएं)

ऐसे कितने स्वर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन और ठीक बाद में भी एक व्यंजन है?

Ans A). 5 B). 2 C). 4 D). 3

Correct Answer: D

Q.60 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 120 का संबंध 11 से है। उसी तर्क के अनुसार, 255 का संबंध 16 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 323 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं केवल पूर्ण संख्याओं पर की ही जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं, जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि, केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करना अनुमत नहीं है।)

Ans A). 18 B). 28 C). 19 D). 14

Correct Answer: A

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है)

Ans A). OGY B). SKC C). TBU D). NFX

Correct Answer: C

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में ? के स्थान पर क्या आना चाहिए?
**BBX ECU HDR KEO ?**

Ans A). NMB B). MKI C). NHG D). NFL

Correct Answer: D

Q.63 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। प्रत्येक संख्याओं के समुच्चय में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है, इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, दिए गए समुच्चयों में प्रयुक्त समान संक्रिया-समुच्चय का अनुसरण करता है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**6 - 12 - 22 - 44;**
**7 - 14 - 24 - 48**

Ans A). 11-22-32-64 B). 5-10-22-44 C). 9-18-28-38 D). 8-16-26-36

Correct Answer: A

**Q.64** एक प्रश्न के बाद दो कथन I और II दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़िए और सबसे उपयुक्त उत्तर चुनिए।

प्रश्न: 5 पेड़ों, L, M, O, P और Q, जिनमें से प्रत्येक की ऊंचाई अलग-अलग है, में से कौन-सा पेड़ सबसे ऊंचा है?

कथन:
(I) O, L से लंबा है लेकिन M से छोटा है। O केवल एक पेड़ से छोटा है।
(II) L, Q से लंबा है।

Ans A). कथन I और II दोनों एक साथ मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।

B). कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

C). प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों एक साथ (न कि केवल कथन I या केवल कथन II) पर्याप्त हैं।

D). कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Correct Answer: D

---

**Q.65** दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सा विकल्प आना चाहिए?
21 23 27 33 41 ?

Ans A). 53 B). 51 C). 50 D). 48

Correct Answer: B

---

**Q.66** निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की ओर की जानी है।
(बाएं) T S W H M F K Z I N O A B Q S P J M L R C V E W O (दाएं)
दी गई शृंखला के दाएं छोर से छठे अक्षर और बाएं छोर से तीसरे अक्षर के बीच, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 2 B). 5 C). 4 D). 3

Correct Answer: C

---

**Q.67** B, D, E, P, S, T और W एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
S, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। B, T के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। E और B दोनों का निकटतम पड़ोसी D है। W, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है।
P के दाईं ओर से गिनने पर P और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans A). एक B). तीन C). चार D). दो

Correct Answer: D

---

**Q.68** A, B, C, D, E, F, और G में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले उसी सप्ताह के अलग-अलग दिन है। B की परीक्षा बुधवार को है। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। C की परीक्षा D से ठीक पहले है। C और F के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। E की परीक्षा, G से पहले किसी दिन परंतु A के बाद किसी दिन है। G की परीक्षा रविवार को नहीं है। सोमवार को किसकी परीक्षा है?

Ans A). G B). A C). C D). F

Correct Answer: B

---

**Q.69** एक निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' और
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M – E # W @ P % K' है, तो M का K से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी B). भाई की पत्नी C). पुत्री D). भाई की पुत्री

Correct Answer: B

---

**Q.70** अरविंद बिंदु L से ड्राइव करना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 6 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 11 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। उसके बाद वह बाएँ मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। अंततः वह दाएँ मुड़ता है और बिंदु Z पर पहुँचने के लिए 3 km ड्राइव करता है।
बिंदु L पर वापस आने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans A). 10 km, दक्षिण की ओर B). 16 km, पूर्व की ओर C). 16 km, उत्तर की ओर D). 11 km, पश्चिम की ओर

Correct Answer: B

Q.71 P, Q, R, S, T और U एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, इसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। U और Q के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। R के ऊपर केवल P रहता है। S किसी सम संख्या वाले तल पर रहता है। U सबसे निचले तल पर रहता है।
T और P के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans A). तीन B). एक C). चार D). दो

Correct Answer: D

Q.72 शब्द PRACTICE के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है, और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, ठीक दो बार आएगा?

Ans A). S B). कोई भी अक्षर ठीक दो बार नहीं आएगा C). H D). Q

Correct Answer: B

Q.73 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

ICE MET JAW GUM

दाएँ से दूसरे शब्द के पहले अक्षर और बाएँ से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans A). 7 B). 5 C). 6 D). 9

Correct Answer: C

Q.74 यदि संख्या 272465937257 के प्रत्येक विषम अंक में से 2 घटाया जाए और प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार निर्मित नई संख्या में बाएं से दूसरे अंक और दाएं से दूसरे अंक का योगफल कितना होगा?

Ans A). 9 B). 7 C). 8 D). 6

Correct Answer: C

Q.75 एक निश्चित कूट भाषा में, 'RAIL' को '9653' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BAIL' को '9316' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'B' के लिए कूट क्या है?

Ans A). 1 B). 6 C). 9 D). 3

Correct Answer: A

Q.76 निम्नलिखित त्रिकों में, प्रत्येक अक्षर-समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले अक्षर-समूह से संबंधित है। उस विकल्प का चयन कीजिए, जो समान तर्क का अनुसरण करता है।
SHIP - HISP - SHPI
ROAD - OARD - RODA

Ans A). MAKE - AMEK - KEMA B). NOTE - NETO - ETON C). PARK - ARPK - PAKR D). FILE - ELIF - ILEF

Correct Answer: C

Q.77 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकीय पांच संख्याओं पर आधारित है।
(बाएं) 813 845 591 372 862 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।

यदि दूसरी सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के तीसरे अंक में जोड़ दिया जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans A). 7 B). 9 C). 5 D). 6

Correct Answer: D

Q.78 W, X, Y, Z, M, और N, एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। Z, X के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। W के दाईं ओर से गिनती करने पर, N और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। Y, Z के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। M, N के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M के ठीक दाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans A). Y B). X C). W D). N

Correct Answer: C

Q.79 शब्द AWAKENED के प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर ठीक दो बार आएगा?

Ans A). C B). M C). B D). J

Correct Answer: C

**Q.80** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी मुर्गियाँ, बत्तखें हैं।
सभी बत्तखें, केले हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ केले, बत्तखें हैं।
(II) सभी मुर्गियाँ, केले हैं।

Ans A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। D). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: A**

**Q.81** फरवरी 2026 में, 'संडेज़ ऑन साइकिल' (Sundays on Cycle) अभियान, सक्रिय सामुदायिक भागीदारी और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, सरकार की निम्नलिखित में से किस प्रमुख पहल का प्रत्यक्ष रूप से समर्थन करता है?

Ans A). फिट इंडिया मूवमेंट B). राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार C). खेलो इंडिया मिशन D). राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन

**Correct Answer: A**

**Q.82** मई 2026 में, टिस्सा पार्टी (Tisza Party) की चुनावी जीत के बाद प्रधान मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले पीटर मैग्यार (Péter Magyar) किस यूरोपीय देश के प्रधान मंत्री बने?

Ans A). स्लोवाकिया (Slovakia) B). हंगरी (Hungary) C). पोलैंड (Poland) D). रोमानिया (Romania)

**Correct Answer: B**

**Q.83** किस राष्ट्रीय संगठन ने रियल-टाइम शासन और अंतिम-छोर तक डिलीवरी में सुधार के लिए मई 2026 में सेंट्रल प्रभारी ऑफिसर (Central Prabhari Officer - CPO) पोर्टल लॉन्च किया?

Ans A). राष्ट्रीय विकास परिषद B). राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय C). नीति आयोग D). भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग

**Correct Answer: C**

**Q.84** थीम "रिसोर्सिंग विकसित भारत (Resourcing Viksit Bharat)", जनवरी 2026 में आयोजित किस सम्मेलन से संबंधित थी?

Ans A). स्टार्टअप महाकुंभ 2026 B). इंडिया डिजिटल समिट 2026 C). SKOCH समिट 2026 D). रायसीना डायलॉग 2026

**Correct Answer: C**

**Q.85** केंद्रीय बजट 2026-27 के अंतर्गत, निर्दिष्ट आयातित औषधियों और ड्रग्स पर सीमा शुल्क छूट की घोषणा मुख्यतः निम्नलिखित में से किस रोग से पीड़ित रोगियों को राहत प्रदान करने के लिए की गई थी?

Ans A). यक्ष्मा B). कैंसर C). मधुमेह D). डेंगू

**Correct Answer: B**

**Q.86** 9 मई, 2026 को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री के रूप में किसने शपथ ली थी?

Ans A). दिलीप घोष B). ममता बनर्जी C). शुभेंदु अधिकारी D). सुकांता मजूमदार

**Correct Answer: C**

**Q.87** मई 2026 में, भारत ने इटली के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को उस अद्वितीय स्तर तक पहुंचा दिया, जो पहले केवल दक्षिण कोरिया के साथ ही था। यह दर्जा क्या है?

Ans A). विशेष रणनीतिक साझेदारी (Special Strategic Partnership)
B). हरित प्रौद्योगिकी और नवाचार रणनीतिक साझेदारी (Green Technology and Innovation Strategic Partnership)
C). व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी (Comprehensive Global Strategic Partnership)
D). विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी (Special and Privileged Strategic Partnership)

**Correct Answer: A**

**Q.88** महिलाओं के कल्याण और सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मार्च 2026 में शुरू की गई 'सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड' योजना किस केंद्र शासित प्रदेश की सरकार द्वारा शुरू की गई थी?

Ans A). चंडीगढ़ B). जम्मू और कश्मीर C). पुडुचेरी D). राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (NCT)

**Correct Answer: D**

**Q.89** इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 में, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने 17 फरवरी, 2026 को किन दो AI-आधारित स्वास्थ्य देखभाल पहलों को लॉन्च किया?

Ans A). NIRAMAY और PRAGATI B). SEHAT और VIKAS C). SAHI और BODH D). AROGYA और SAKSHAM

**Correct Answer: C**

Q.90 निम्नलिखित में से किस भारतीय संस्थान ने फरवरी 2026 में भारत का प्रथम व्यापक कैंसर जीनोम डेटाबेस बनाने के लिए 'भारत कैंसर जीनोम एटलस' लॉन्च किया?

Ans A). भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास B). भारतीय विज्ञान संस्थान, बेंगलुरु C). गुजरात कैंसर एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट, अहमदाबाद D). अपोलो प्रोटॉन कैंसर सेंटर, चेन्नई

Correct Answer: A

Q.91 फरवरी 2026 में, किस आर्थिक संस्थान ने डिजिटल ऋण पारदर्शिता के लिए विस्तारित दिशानिर्देशों की घोषणा की?

Ans A). भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण B). भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड C). भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग D). भारतीय रिजर्व बैंक

Correct Answer: D

Q.92 नई दिल्ली में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा विमोचित पुस्तक "द सेज हू रिइमैजिन्ड हिंदूइज्म: द लाइफ, लेसन्स एंड लेगेसी ऑफ श्री नारायण गुरु" के लेखक कौन हैं?

Ans A). डॉ. किरण बेदी B). डॉ. बिबेक देबरॉय C). डॉ. शशि थरूर D). डॉ. एस. जयशंकर

Correct Answer: C

Q.93 2026 में, झारखंड के रांची में आयोजित फेडरेशन कप में पुरुषों की 100 m फाइनल में 10.09 सेकंड में दौड़ पूरी करके कौन सबसे तेज भारतीय स्प्रिंटर (sprinter) बना?

Ans A). अनिमेष कुजूर B). गुरिंदरवीर सिंह C). मणिकांत होबलीधर D). अमलान बोरगोहेन

Correct Answer: B

Q.94 मार्च 2026 में, मध्य प्रदेश का कूनो राष्ट्रीय उद्यान पाँच चीता शावकों के जन्म के बाद भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर _____ होने के कारण समाचारों में था।

Ans A). 53 B). 41 C). 67 D). 32

Correct Answer: A

Q.95 मई 2026 में, अंतर्राष्ट्रीय चिंता के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल और महाद्वीपीय सुरक्षा के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणाओं के तहत, बंडिबुग्यो स्ट्रेन (Bundibugyo strain) इबोला वायरस रोग के प्रकोप के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन और अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र द्वारा आधिकारिक तौर पर किन दो देशों की पहचान की गई थी?

Ans A). केन्या और युगांडा B). युगांडा और तंजानिया C). कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और रवांडा D). कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और युगांडा

Correct Answer: D

Q.96 भारतीय सार्वजनिक क्षेत्र के किस बैंक ने नवंबर 2025 में अपनी 10,000वीं शाखा खोलने की घोषणा की?

Ans A). एचडीएफसी बैंक (HDFC Bank) B). एक्सिस बैंक (Axis Bank) C). इंडियन बैंक (Indian Bank) D). केनरा बैंक (Canara Bank)

Correct Answer: D

Q.97 अप्रैल-मई 2026 के दौरान अपिया के तुआनाइमाटो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स (Tuanaimato Sports Complex) में आयोजित 2026 कॉमनवेल्थ यूथ और जूनियर वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप की मेजबानी किस देश ने की थी?

Ans A). फिजी (Fiji) B). टोंगा (Tonga) C). समोआ (Samoa) D). वानुआतु (Vanuatu)

Correct Answer: C

Q.98 जनवरी 2026 में, 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' (ONOS)' पहल का मुख्य उद्देश्य किस संसाधन तक पहुंच में सुधार करना था?

Ans A). सार्वजनिक क्षेत्र के रोजगार पोर्टल B). अंतर्राष्ट्रीय अकादमिक शोध पत्रिकाओं/जर्नल्स C). सरकारी भूमि रिकॉर्ड डेटाबेस D). नेशनल डिजिटल टेलीविजन चैनल

Correct Answer: B

Q.99 मार्च 2026 में पुर्तगाल में आयोजित EDP लिस्बन हाफ मैराथन, एक वर्ल्ड एथलेटिक्स प्लेटिनम लेबल रोड रेस में पुरुषों का हाफ मैराथन विश्व रिकॉर्ड किस युगांडा के लंबी दूरी के धावक ने तोड़ा?

Ans A). जैकब किप्लिमो (Jacob Kiplimo) B). योमिफ केजेल्चा (Yomif Kejelcha) C). सबास्टियन सावे (Sabastian Sawe) D). रोनेक्स किप्रुटो (Rhonex Kipruto)

Correct Answer: A

Q.100 भारत में बायोलॉजिक्स और बायोसिमिलर्स के उत्पादन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने हेतु केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रस्तावित पहल का नाम क्या है?

Ans A). फार्मा विजन 2030 (Pharma Vision 2030) B). बायोइंडिया मिशन (BioIndia Mission) C). बायोफार्मा शक्ति (Biopharma SHAKTI) D). नेशनल बायोलॉजिक्स डेवलपमेंट स्कीम (National Biologics Development Scheme)

Correct Answer: C

"